आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11 नवम्बर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- दिल्ली में हुए धमाके के बाद प्रदेश भर में हाई अलर्ट जारी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने जनहानि पर जताया शोक।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से प्रदेश भर में एकता यात्रा का किया शुभारम्भ। कहा– प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में अनिवार्य करायेंगे वंदे मातरम् का गायन।
- लोक नायक बिरसा मुंडा के सम्मान में लखनऊ में तेरह से अट्ठारह नवम्बर तक होगा जनजातीय भागीदारी उत्सव का आयोजन।
- मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों में आंशिक रूप से शीतलहर चलने का जताया अनुमान।

**********

राजधानी दिल्ली में कल शाम हुए धमाके के बाद प्रदेश भर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। काशी के विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या में श्रीराम मंदिर, मथुरा में बांके बिहारी मंदिर, मिर्जापुर के विन्ध्यवासिनी मंदिर और गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने विस्फोट में हुयी जनहानि पर दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति, शोकाकुल परिवारों को दुःख सहन करने की शक्ति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

विस्फोट कल शाम छः बजकर पचपन मिनट पर दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नम्बर एक के पास एक कार में हुआ, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी जबकि बीस से अधिक लोग घायल हैं। मरने वालों में प्रदेश के अमरोहा जिले का एक व्यक्ति और घायलों में देवरिया जिले का एक व्यक्ति भी शामिल है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल शाम डीजीपी राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सभी जिलों में सघन चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया।

श्री योगी ने अधिकारियों को फिल्ड में रहने और संवेदनशील, भीड़–भाड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों, सार्वजनिक आयोजनों और धार्मिक स्थलों का स्वयं निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। साथ ही सोशल मीडिया पर भी निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिये हैं।

**********

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती और राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूरे होने के अवसर पर कल गोरखपुर में प्रदेश भर के लिये एकता यात्रा का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभारम्भ किया। करीब दो किलोमीटर की एकता यात्रा में मुख्यमंत्री स्वयं भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने वंदे मातरम को राष्ट्र की आत्मा का स्वर बताते हुए कहा कि यह गीत केवल शब्दों का समूह नहीं बल्कि हमारी आत्मा का स्वर है, इसका गायन हर शिक्षण संस्थान और स्कूल में अनिवार्य किया जाएगा। श्री योगी ने कहा कि सरदार पटेल भारत के साहस, एकता और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं। स्वदेशी और आत्मनिर्भरता सरदार पटेल के विचारों के केंद्र में थे। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, मत या मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता।

***सरदार सम्मान के भाव के साथ हम सब यहां पर इस एकता यात्रा के साथ जुड़ रहे हैं। लोक पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के मुद्दे को लेकर के हमें चर्चा पर चर्चा का हिस्सा इसको बनाना चाहिए। वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए।अब यह केवल लोक पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के साथ ही राष्ट्र गीत वंदे मातरम भी उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय में घर शिक्षण संस्थान में इसका गायन अनिवार्य करवाएंगे जिससे उत्तर प्रदेश के अंदर हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सके।***

इसी क्रम में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों में पदयात्रा और वन्दे मातरम् के सामूहिक गायन का आयोजन किया गया।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने फरीदाबाद से तीन सौ पचास किलोग्राम संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट बरामद होने पर कल लखनऊ में कहा कि राष्ट्र के दुश्मन भारत में कहीं भी हो, उन्हें हमारी सुरक्षा एजेसिंया ढूंढ निकालती है। उन्होंने कहा कि देश नक्सलवाद से मुक्त हो चुका है और जल्द ही आतंकवाद से भी मुक्त हो जायेगा।

***जो देश के दुश्मन कहीं पर भी किसी भी भेष में छुपते हैं लेकिन हमारी सुरक्षा एजेंसियां उनको खोज निकालती हैं और यह भी एक बड़ी सफलता है। मैं तो सुरक्षा एजेंसियों को बधाई देता हूं और देश के दुश्मनों को सावधान करता हूं। वह किसी भी भेष में आएंगे, किसी भी क्षेत्र में आएंगे। देश की जनता भी एक सैनिक की तरह हर समय सजग है और देश के सैनिक और देश के सुरक्षा एजेंसियां वह तो सजग हैं ही। बहुत बड़ी घटना को जो अंजाम देने वाले थे, उससे देश को बचाने का काम किया है। उनका अभिनंदन है।***

**********

लोकनायक बिरसा मुंडा के सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय गौरव पखवाड़ा और जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी कल लखनऊ में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री असीम अरुण ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष दो हजार बाइस में लोकनायक बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय

गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया था। इसी क्रम में एक से पन्द्रह नवंबर तक पूरे प्रदेश के सभी जिलों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय विकास के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे है। उन्होंने बताया कि लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन तेरह नवंबर से अट्ठारह नवंबर तक किया जायेगा।

***लखनऊ में जनजाति गौरव दिवस के पुनीत अवसर पर हम लोग 13 नवंबर से 18 नवंबर 2025 तक का कार्यक्रम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव के रूप में छह दिवसीय कार्यक्रम यह आयोजित करने का काम करते जा रहे हैं। इसमें 15 नवंबर को इस कार्यक्रम में केशव श्री मुख्यमंत्री जी भी रहने वाले हैं और इसी का एक यह माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं बध जो जनजाति बाहुल्य जिला है तो हमलोगों का प्राकृतिक और अन्य तीनों से बहुत ही महत्वपूर्ण जिला है, वहां के कार्यक्रम में श्री माननीय मुख्यमंत्री जी 15 तारीख को रहने वाले हैं।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पचीस नवम्बर को अयोध्या में प्रस्तावित आगमन को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि समिति की कल अयोध्या में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री अयोध्या के राम मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन करेंगे और प्रथम तल पर स्थापित भगवान श्रीराम के परिवार की प्रतिमाओं का दर्शन करेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री, मंदिर परिसर के सातों शिखरों पर ध्वज फहराएंगे। यह कार्यक्रम लगभग तीन घंटे का होगा।

**जिला प्रशासन राम विभाग के कार्यक्रमों के बारे में उन्हें पूरी जानकारी है और कार्यक्रम इस प्रकार से बनाया जाएगा और लगभग लगभग अंतिम किया जा चुका है कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम लगभग 3 घंटे का हो और किसी प्रकार से जो राम विवाह के कार्यक्रम होते हैं जो अपराह्न में संभवत होंगे उन पर कोई बाधा नहीं है।**

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी दर घटाने के बाद, बाइस सितम्बर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देशभर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। आज की कड़ी में जानकारी अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से स्टेशनरी क्षेत्र को मिलने वाले बढ़ावे पर।

***नई जीएसटी सुधारो के तहत देशभर के छात्रों और खुदरा विक्रेताओं को लाभ हुआ है। पेंसिल, रबर, शार्पनर, क्रेन, नोटबुक, ग्राफ बुक और मानचित्र जैसी स्टेशनरी वस्तुओं पर कर की दर पहले के 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दी गई है। इसी प्रकार रबर पर जीएसटी की दरों को पहले के पांच प्रतिशत से घटाकर कर मुक्त कर दिया गया है। दृष्टि पुन्यानी, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

मौसम विभाग ने आगामी एक सप्ताह के दौरान रात का न्यूनतम तापमान सामान्य से औसतन तीन से पांच डिग्री सेल्सिस नीचे बने रहने और कहीं–कहीं दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चले जाने की संभावना व्यक्त की है। इसके चलते आने वाले दो से तीन दिनों के दौरान देर रात और सुबह आंशिक रूप से शीतलहर का अनुमान जताया गया है। इस दौरान प्रदेश में दिन का अधिकतम तापमान भी सामान्य से एक से चार डिग्री सेल्सियस नीचे बने रहने की संभावना है।

**********